हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 22 जून 2024

11 नई बस्ती में चल रहा समर कैंप संपन्न



12 पानी के भीतर किया योग



**खबर संक्षेप**

### दुर्गा शक्ति ने नशे को लेकर किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** दुर्गा शक्ति पुलिस टीम ने बहादुरगढ़ जोन में विभिन्न स्थानों पर जाकर युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी और उन्हें किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए प्रोत्साहित किया। एएसआई सरला ने बताया कि नशा एक भयानक बीमारी है। जो नशा करने वाले के साथ ही समाज को भी खोखला कर रहा है। नागरिक नशे को छोड़कर अपने बच्चों पर ध्यान दें, उन्हें अच्छी शिक्षा दें। नशीले पदार्थ की खरीद फरोख्त की जानकारी लगने पर पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।

### अवैध पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को काबू किया। एसआई ऋषिपाल ने बताया कि विकास निवासी खेड़का गुर्जर को नाकाबंदी के दौरान रोका गया। शक की बिनाह पर तलाशी ली गई तो उससे पास एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। उसके विरुद्ध थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

### घर के सामने खड़ी स्कूटी चोरी

**झज्जर ।** किला कालोनी में घर के सामने खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में राजेश कुमार पुत्र बलबीर ने बताया कि उसने करीब ढाई बजे अपनी स्कूटी घर के सामने खड़ी की थी। बाद में उसने जब बाहर निकलकर देखा तो स्कूटी चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश भी लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मानसून की दस्तक, 20 एमएम बरसात में ही जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्री-मानसून की बारिश से एक बार फिर शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। शुक्रवार को दोपहर के समय आई 20 मिलीमीटर बारिश ने जलनिकासी के इंतजामों की कलई खोल दी। झज्जर रोड समेत कई इलाकों में जहां-तहां सड़कों और गलियों में पानी जमा हो गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से तापमान में गिरावट के कारण गर्मी से राहत मिली। अभी कई दिनों तक मौसम में उठापटक बने रहने के आसार हैं।

■ बारिश ने जलनिकासी के इंतजामों की कलई खोल दी





**बहादुरगढ़।** रिमझिम बरसात में सड़क से गुजरता ई-रिक्शा, बरसात के बाद झज्जर रोड पर जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल आ-जा रहे थे। दोपहर के समय घटा उठी और शहर में मेघ जमकर बरसे। हालांकि आसपास के कुछ गांवों में बारिश की मात्रा कम रही। पहले कुछ मिनटों तक तेज हवा चली फिर साथ में बरसात भी शुरू हो गई। प्री-मानसून की बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। करीब आधा घंटे की बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। शहर के प्रमुख मार्गों के साथ ही कई बस्तियों में सड़कें लबालब भर गई।

### लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की

इस दौरान हवाओं के झोंकों ने मौसम में ठंडक घोलने का काम किया है। इससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की है। इस बारिश ने नगर परिषद की तैयारियों की भी पोल खोल दी है। कई क्षेत्रों में नालियों का पानी व कचरा सड़कों पर जमा हो गया। प्री-मानसून के पहले हुई झमाझम बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने बारिश में भीगने का भी लुत्फ उठाया। लेकिन नगर के नाले व नालियों की समुचित सफाई नहीं होने की वजह से पानी निकासी नहीं हो पा रही है। ऐसे में मानसून की बारिश में स्थिति और बिगड़ेगी।

## बरसात शुरू, अब साफ होंगे नगर के 36 नाले

**बहादुरगढ़।** बारिश आते ही शहर के बड़े नालों की गंदगी सिरदर्द बन जाएगी। गंदगी और पॉलीथिन से लबालब नालों की सफाई नहीं होने से संक्रामक रोग फैलने के साथ गंदा पानी सड़कों पर आने से लोगों का सिरदर्द बढ़ा सकता है। हर साल बारिश से पहले नगर परिषद द्वारा नालों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसके बाद भी कई कालोनियों में जलभराव की समस्या बन ही जाती है।

मानसून ने शुक्रवार को दस्तक दे दी है। बारिश में शहर के मोहल्ले डूबने से बचाने के लिए नगर परिषद ने 36 नालों की सफाई की कार्ययोजना तैयार की है। एक-दो दिन में टेंडर की औपचारिकताएं पूरी होते ही सफाई शुरू हो जाएगी। यदि बरसात से पहले नाले-नालियों की सफाई नहीं हुई तो शहर के लो लाइंग एरिया फिर से बरसात के पानी में डूबेंगे। इन मोहल्लों में बरसात में यह समस्या होती है कि गंदा पानी लोगों के घरों तक में घुस जाता है, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। शहर के ऐसे ही निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों ने बताया कि बरसात का मौसम नजदीक है, लेकिन अब तक नप द्वारा नालो की सफाई शुरू नहीं करवाना दुर्भाग्यपूर्ण है।



**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर में नाले साफ करवाते पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे। फोटो : हरिभूमि

## गाड़ी सवार युवकों ने वाटर ऑपरेटर को गोली मारकर किया घायल

### पीड़ित ने लगाया रंजिशन हमला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव पाहसौर स्थित गौरख मंदिर के नजदीक कार में सवार होकर पहुंचे चार युवकों ने एक मोटरसाइकिल सवार को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर चारों युवक कार में बैठकर मौके से भाग निकले। इसके बाद जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान बादली गांव के लाख्यान पाना निवासी करीब 37 वर्षीय संदीप पुत्र लाल सिंह के तौर पर हुई है। संदीप जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अंतर्गत दादनपुर स्थित जलघर में वाटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में संदीप ने बताया कि वह जब शुक्रवार की सुबह करीब सवा नौ बजे अपने घर से मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के जा रहा था तो पाहसौर गांव के गौरख मंदिर के नजदीक उसकी मोटरसाइकिल को गाड़ी में सवार होकर आए चार युवकों ने रुकवा लिया। इसके बाद गाड़ी से उतर कर दो युवकों ने उस पर गोली चला दी जिसमें एक गोली उसकी दायीं बाजू पर लगी और वह गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद चारों युवक मौके से गाड़ी सहित फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को फोन पर इस घटना की सूचना दी। सूचना के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। संदीप के अनुसार वह चारों युवकों को पहचानता है तथा उसमें रोबिन नामक युवक के साथ करीब डेढ़ माह पहले उसकी कहासुनी हुई थी। उसके बाद मामला आपसी बातचीत से सुलझ गया था। इस संबंध में संदीप के बयान लेने निजी अस्पताल पहुंचे मामले के जांच अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि संदीप का आरोप है कि रोबिन ने उसी बात की रंजिश रखते हुए उस पर हमला बोला है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

■ घायल को शहर के निजी अस्पताल में कराया गया उपचार के लिए भर्ती

## चांदौल गांव में तेजधार हथियार से मंदिर के पुजारी की हत्या

### सुबह चारपाई पर मिला लहूलुहान अवस्था में पुजारी का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साल्हावास

क्षेत्र के गांव चांदौल के निर्मलदास मंदिर में तेजधार हथियार से पुजारी की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। पुजारी का शव शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में चारपाई पर लहूलुहान अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने जब देखा तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर कार्यवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान रेवाड़ी जिले के कान्हड़वास गांव निवासी करीब 65 वर्षीय सुमेर पुत्र नंदराम के तौर पर हुई। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के भाई उमीर सिंह ने बताया कि सुमेर रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत करता था। सुमेर शादीशुदा था तथा एक पुत्र व एक पुत्री का पिता था। दोनों बच्चों की शादी हो चुकी है। सेवानिवृत्ति के बाद पिछले करीब दो वर्षों से वह चांदौल गांव के मंदिर में पुजारी के रूप में रह रहा था। मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा था। सुबह जब श्रद्धालु व श्रमिक मंदिर पहुंचे तो उन्होंने सुमेर का शव देखा। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक के पुत्र विजय की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

■ एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए



**साल्हावास।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी व इनसेट में मंदिर परिसर में चारपाई पर पड़ा मृतक का शव।

## कोबी के सहयोग से बना सदर थाना में इंवेस्टिगेशन ब्लॉक

### नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन डीसीपी मयंक मिश्रा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के सहयोग से सदर पुलिस थाना में नए इंवेस्टिगेशन ब्लॉक का निर्माण करवाया गया है। शुक्रवार को इस नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन डीसीपी मयंक मिश्रा ने एएसपी शुभम और सदर थाना प्रभारी सदानंद की उपस्थिति में किया।

कार्यक्रम में कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सुरेंद्र वशिष्ट, पुरषोत्तम गोयल, तिलक राज गर्ग, सुनील गर्ग, रवि चमरिया, आरबी यादव, मनीष गुप्ता, गणेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता व रवि किंद्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीसीपी मयंक मिश्रा ने कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज से जुड़े उद्योगपतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कोबी के इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने जिले के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। डीसीपी ने उन समस्याओं का जल्द से जल्द उचित निवारण करने का आश्वासन दिया। साथ ही सुझाव दिया कि सतर्क रहकर अपराध को होने से पहले ही रोक सकते हैं।



**बहादुरगढ़।** सदर थाना में नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन करते डीसीपी व अन्य।

## एडमिशन के लिए बढ़ी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्षेत्र के महाविद्यालयों में चल रहे एडमिशन की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून है। फिलहाल छात्रों का रुझान बीए और बीसीए में ही नजर आ रहा है। राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार रंगा के अनुसार बीए मॉर्निंग की 320 सीटों के लिए 472, बीए इवनिंग की 200 सीटों के लिए 81, बीबीए की 40 सीटों के लिए 68, बीकॉम की 180 सीटों के लिए 76, बीसीए की 60 सीटों के लिए 163, बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों के लिए 44 और बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों के लिए 43 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

■ फिलहाल छात्रों का रुझान बीए और बीसीए में ही नजर आ रहा

राजकीय महाविद्यालय बादली की मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम ने बताया कि बीए में 400 सीटों के लिए 179, बीए भूगोल की 40 सीटों के लिए 5, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 16, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 24, बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 27 और बीएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों के लिए 21 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. सुनैना के अनुसार यहां बीए की 160 सीटों के लिए अब तक 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके अलावा राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी मेहर सिंह ने बताया कि बीए की 280 सीटों के लिए 235, बीकॉम की 120 सीटों के लिए 30, बीएससी लइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 41 और बीएससी फिजिकल साइंस की 20 सीटों के लिए 26 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

छारा के राजकीय महाविद्यालय में बीए की 240 सीटों के लिए 292, बीकॉम की 60 सीटों के लिए 13, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 23 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 27 आवेदन ऑनलाइन हुए हैं। शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए की 160, बीकॉम की 160, बीएससी फिजिकल साइंस की 60 तथा बीसीए की 180 सीटें उपलब्ध हैं।



बहादुरगढ़। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाते छात्र-छात्राएं।



### नाली में गिरा जाल मोहल्ला निवासी परेशान

**झज्जर।** शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में नाली में गिरे लोहे का जाल के कारण राहगीरों व मौहल्लावासियों को परेशानी आ रही है। मौहल्लावासी राजेश भटनागर, कृष्ण खन्ना, बिजेंद्र, रामनिवास गोठवाल, राजेश कायत, रघुबीर गोठवाल, राजू, अनिल, सुनील आदि ने बताया कि उनकी गली में बनाई गई नाली पर लोहे का मजबूत जाल लगाया गया था। नाली के दोनों किनारों की स्तह जर्जर होने व निरंतर वाहनों के आवागमन के कारण अब यह जाल नाली में ही गिर गया है। शुक्रवार को एक युवती के पांव में इस जाल के कारण चोट लग गई थी। उन्होंने जिला प्रशासन से समस्या के जल्द समाधान की गुहार लगाई है।

**अभय चौटाला ने संगठन को मजबूत करने के लिए इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह के प्रयासों को किया याद**

## विस चुनाव में नफे सिंह के परिवार से होगा इनेलो का उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी को याद करते हुए इनेलो नेता अभय चौटाला भावुक हो गए और ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में नफे सिंह के परिवार से ही इनेलो का उम्मीदवार होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनावों को लेकर पहले कांग्रेस अपना रुख स्पष्ट करे। कांग्रेस के सबसे ज्यादा विधायक हैं। उनका आरोप है कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा अपने फैसलों के जरिए भाजपा की मदद कर रहे हैं। भाजपा की मौजूदा सरकार से जुड़े लोगों के नाम नफे सिंह राठी हत्याकांड में शामिल हैं। उन्हें बचाया जा रहा है। लेकिन हमें सीबीआई पर भरोसा है कि वे ठीक जांच करेंगे और हमें न्याय मिलेगा।

शुक्रवार को शहर के ली-फॉर्म में इनेलो की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अभय सिंह चौटाला मौजूद रहे। जबकि प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उमस भरी गर्मी व बरसात के बावजूद उमड़ी भीड़ को देखकर उत्साहित अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो पूरे जोश के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी की कमी को लेकर वे भावुक भी हो गए।

संगठन को मजबूती करने के लिए राठी ने दिन-रात कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में इनेलो स्व. नफे सिंह राठी के परिवार से ही उम्मीदवार बनाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताया।



**बहादुरगढ़।** बैठक के दौरान मंचासीन अभय चौटाला व रामपाल माजरा आदि नेता। फोटो : हरिभूमि

### अनेक नेता कांग्रेस छोड़ने को तैयार

उनके अनुसार विस चुनाव में कांग्रेस 20 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। किरण चौधरी के बाद अनेक नेता कांग्रेस छोड़ने को तैयार हैं। रामपाल माजरा ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में इनेलो पूर्ण बहुमत प्राप्त करेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। मंच संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने किया। बैठक को शीला नफे सिंह राठी, कपूर सिंह राठी, पार्षद जितेंद्र राठी, भूपेंद्र राठी, जिलाध्यक्ष जयभगवान पहलवान, पप्पू कानोंदा, प्रदीप सिन्हा, राजबीर परनाला, पार्षद बिजेंद्र दलाल, बलराज खरहर, पार्षद मोहित राठी, महेंद्र प्रधान, अशोक परनाला, राज सिंह वर्मा, नीलम ढिल्लो, सीमा दलाल, माया राठी, पूनम सैनी व पूर्व पार्षद धनपति आदि ने संबोधित किया।

## स्टेट के लिए जिला तैराकी टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में शुक्रवार को जिले के तैराकों का चयन किया गया। जिला महासचिव सुनील कादयान की देखरेख में चयन प्रक्रिया पूरी हुई। भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान अनिल खत्री ने भी तैराकों का हौसला बढ़ाया। अपने-अपने वर्ग में अतुल धनखड़, नितेश खत्री और आर्यन जून आदि खिलाड़ी छाए रहे।

■ जिला महासचिव की देखरेख में चयन प्रक्रिया पूरी हुई

सभी विजेता खिलाड़ी 41वीं सब जूनियर, 51वीं जूनियर व 59वीं सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल के दौरान 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में सक्षम और समृद्धि प्रथम रहे। लड़कों के पहले ग्रुप में सक्षम और लड़कियों में मोहिनी ने बाजी मारी। दूसरे ग्रुप में वीर दलाल अव्वल रहे। वहीं 800 मीटर फ्रीस्टाइल में समृद्धि, अव्वल रही। लड़कों के पहले ग्रुप में सक्षम व इशांत विजेता रहे, जबकि लड़कियों में सुनैना और मोहिनी ने बाजी मारी। ग्रुप-2 में वीर दलाल पहले स्थान पर रहे। वहीं, 50 मीटर फ्रीस्टाइल पुरुष वर्ग में दक्ष टॉप रहे।

लड़कों के पहले वर्ग में अतुल धनखड़ जीते। ग्रुप-2 में आर्यन जून ने जीत दर्ज की। ग्रुप-3 में वंश पहले स्थान पर रहा। ग्रुप-4 में नंदित तथा ग्रुप-5 में उद्धव विजेता बने। लड़कियों के पहले ग्रुप में प्रियांशी, ग्रुप-2 में आहना, ग्रुप-3 में सताक्षी, ग्रुप-4 में इरा और ग्रुप-5 में अवनी विजेता बनीं। पुरुष वर्ग के 50 मीटर बैक्स्ट्रोक में भोलेंद्र ने बाजी मारी। लड़कों में तुषार, आर्यन जून, वंश ने जीत हासिल की। लड़कियों में सुविधि, इरा व अंबरीन आदि विजेता बनीं। जबकि 50 मीटर बटरफ्लाई में आर्यन जून व वंश ने बाजी मारी। लड़कियों में प्रियांशी व विदुषी ने जीत हासिल की। पहले वर्ग में नितिन, अतुल धनखड़ और अर्जुन दहिया ने जीत हासिल की।



**बहादुरगढ़।** राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लेते तैराक।



गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।



चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदान, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

## तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

## कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

---

### महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते

# सेना में काफी महत्वपूर्ण होता है क्लर्क का पद, आप भी चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## समय-समय पर निकलती रहती नौकरियां

भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है जो कि भारत के सशस्त्र बलों में से एक है। भारतीय सेना देश की सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों ही रूप से करती हैं। देश की सीमा पर बड़े पैमाने पर भारतीय सुरक्षा पहरा देती हैं और देश के अंदर भी जगह-जगह छावनी में भारतीय सेना रहती है ताकि देश के अंदर और देश की सीमा दोनों ही जगह पर शांति कायम रहे और बाहरी हमलों से देश सुरक्षित रहे। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है। इसीलिए भारतीय सेना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पद आते हैं। सेना में आर्मी ऑफिसर, नर्सिंग असिस्टेंट, क्लर्क, फौजी , टेक्निक, ट्रेड मैन इत्यादि विभिन्न प्रकार के पद आते हैं।



## सबके अलग-अलग काम

सभी अलग-अलग पद वाले अधिकारी अलग-अलग काम करते हैं या हम यह कह सकते हैं कि अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग पद निर्धारित किए गए हैं। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। इसीलिए इस सेना को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के पदों की आवश्यकता होती हैं। जिनमें एक मुख्य पद आर्मी क्लर्क का भी होता है।

## सेना में यह जरूरी पद

बता दें कि भारतीय सेना में क्लर्क का कार्य भारतीय सेना के अंतर्गत काफी जरूरी माना जाता है। जैसा की आप सभी को पता ही है हमारे देश के अधिकांश युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं और आज के युवाओं में भारतीय सेना में जाने का जज्बा देखने को मिलता है। हर कोई भारतीय सेना में जाकर देश के लिए काम करना चाहता है। तो आप भारतीय सेना के तहत क्लर्क बन सकते हैं। हर वर्ष लाखों की संख्या में युवाओं द्वारा आर्मी कलर्क के लिए आवेदन किया जाता है। लेकिन भारतीय सेना के तहत किसी भी पद पर नौकरी करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए आपको परीक्षा देनी होती है। शारीरिक रूप से परीक्षण करवाना होता है और विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग होती है। उसके बाद ही आप भारतीय सेना में नौकरी कर सकते हैं।



## क्या होता है क्लर्क का पद

*भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। यह देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने का मुख्य काम करती हैं। इस सेना के तहत विभिन्न प्रकार के पद हैं, जिसमें एक बड़ा पद इंडियन आर्मी क्लर्क का भी होता है। अधिकांश लोगों को यह जानने में रुचि होती है कि भारतीय सेना के तहत क्लर्क का क्या काम होता है। तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि भारतीय सेना में क्लर्क के पद पर काम करने वाले कर्मचारियों को कुछ संबंधित और महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते हैं। भारतीय सेना से जुड़े दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण और जरूरी होते हैं। इसीलिए यह पद जिम्मेदारी वाला माना जाता है।*

*भारतीय सेना में क्लर्क का काम करने वाला कर्मचारी भारतीय सेना के प्रमुख दस्तावेजों को नियोजित करके रखता है। भारतीय सेना से संबंधित जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना होता है। भारतीय सेना के कार्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को करता है। इंडियन आर्मी क्लर्क भारतीय सेना में काम कर रहे अन्य सैनिकों और जवानों की सूची तैयार करता है तथा सूची अनुसार अलग-अलग श्रेणी के तहत सभी की जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षित रखता है। इसके अलावा इंडियन आर्मी क्लर्क का काम कंप्यूटर विभाग, कार्यालय, पुस्तक, डॉक्यूमेंट, पोस्ट्स इत्यादि का रखरखाव करना होता है।*

## ऑनलाइन आवेदन

सेना में क्लर्क बनने के लिए सबसे पहले आपको इस पद पर आयोजित भर्ती के लिए आवेदन करना होगा। हर वर्ष सरकार द्वारा आर्मी क्लर्क हेतु भर्ती का आयोजन करवाया जाता है। जिसकी सूचना पहले ही ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी करके बता दी जाती है। यह सूचना मिलने के बाद आपको ऑफिशियल वेबसाइट से आवेदन करना होता है। आवेदन करते समय आपको अपनी सभी जरूरी और महत्वपूर्ण जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना है और संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड कर देना है।

## तनख्वाह

सेना में क्लर्क की नौकरी करने वाले कर्मचारी को सैलरी के रूप में हर महीने न्यूनतम 5500 से लेकर सामान्यत 25000 तक दिया जाता है। इसके अलावा ग्रेड पे पर 1800 रुपये प्रतिमाह मिलता है। आर्मी क्लर्क को ग्रेड पर और वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और विभिन्न प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जो इस प्रकार है– महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और कैंटीन की सुविधाएं दी जाती हैं।



## जरूरी योग्यताएं

- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार का कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या शिक्षण संस्थान से 12वीं पास कर सकता है।
- उम्मीदवार को साईंस/ कॉमर्स और आर्ट स्ट्रीम से ही 12वीं पास करनी होगी।
- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार को 12वीं क्लास में 60% अंक प्राप्त करने होंगे।
- आवेदक के 12वीं क्लास के प्रत्येक विषय में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।
- उम्मीदवार के 12वीं क्लास में मैथ/ इंग्लिश/अकाउंट/ बुक कीपिंग इनमें से किसी एक सब्जेक्ट का होना अनिवार्य है।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 160 सेंटीमीटर होना चाहिए।
- उम्मीदवार की छाती कम से कम 77 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले उम्मीदवार के शरीर का वजन कम से कम 48 किलो होना चाहिए।
- इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों द्वारा इस पद हेतु अलग अलग ऊंचाई, सीना और वजन निर्धारित किया गया है।
- आर्मी क्लर्क पद के लिए आयोजन करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 17 वर्ष व 6 महीने होनी चाहिए।
- इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना चाहिए।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार के आँखों की रोशनी 6/6 होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को कलर ब्लाइंटनेस का रोग नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार व्हाइट, रेड, ग्रीन सिग्नल पहचाने में सक्षम होना चाहिए।
- इस पद के उम्मीदवार के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**शारीरिक जांच :** आवेदन करने के बाद सबसे पहले आपको शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करवानी होती हैं। यह प्रथम चरण का टेस्ट होता है। इसमें उम्मीदवार को निर्धारित समय के तहत निर्धारित दूरी की दौड़ पूरी करनी होती है। उसके बाद निर्धारित किया गया पुश-अप निर्धारित समय में पूर्ण करना होता है। प्रथम चरण की यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होती हैं जिनमें 60 अंक दौड़ के और बाकी के 40 पुश-अप के होते हैं।

**दस्तावेजों की जांच :** सेना में क्लर्क बनने के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होता है। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के तहत 10वीं क्लास 12वीं क्लास का सर्टिफिकेट पहचान पत्र इत्यादि कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जाती है।

**मेडिकल टेस्ट :** डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होता है। इसके तहत उम्मीदवार के शरीर की जांच की जाती हैं जिससे पता चलता है कि वह उम्मीदवार किसी रोग का शिकार है या नहीं।

**लिखित परीक्षा:** मेडिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। भाग-1 में सामान्य ज्ञान, सामान्य साईंस, गणित और कंप्यूटर साईंस सब्जेक्ट का प्रश्न होता है। एवं भाग-2 में सामान्य अंग्रेजी भाषा का प्रश्न होता है। इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाला पेपर 100 अंको का होता है और लिखित परीक्षा 200 अंकों की होती है।

---

# साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत करें और अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण दिखाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

साक्षात्कार नौकरी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह आपकी क्षमता, व्यक्तित्व और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मौका होता है। सही ढंग से खुद को प्रस्तुत करके, आप साक्षात्कारकर्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यहां बताया गया है कि साक्षात्कार में अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे दिखाएं। किसी संगठन की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना न केवल साक्षात्कार के लिए तैयार होने में मदद करता है, बल्कि नौकरी के दौरान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आपको संगठन की कार्यशैली, मूल्यों, और भविष्य की दिशा को समझने में सहायता करता है।

## आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दें

1. **साक्षात्कार की तैयारी में सहायता**: संगठन के बारे में जानकारी आपको साक्षात्कार में आत्मविश्वास से भरे उत्तर देने में मदद करती है।
**प्रासंगिक उत्तर**: आप प्रश्नों के उत्तर संगठन के उद्देश्यों और संस्कृति के संदर्भ में दे सकते हैं, जिससे आपकी तैयारी और समझ का पता चलता है।
**अच्छे सवाल**: आप संगठन की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण और प्रभावी सवाल पूछ सकते हैं, जो आपकी जिज्ञासा और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।
2. **संगठन की संस्कृति और मूल्य**: किसी भी नौकरी में सफल होने के लिए उस संगठन की संस्कृति और मूल्य समझना बेहद जरूरी है।
**सांस्कृतिक अनुकूलता**: संगठन की संस्कृति को जानकर आप यह समझ सकते हैं कि आपका काम करने का तरीका और आपका व्यवहार वहां कैसे फिट होगा।
**मूल्य समझना**: संगठन के मूल्य और दृष्टिकोण को समझकर आप उन्हें अपने काम और निर्णयों में लागू कर सकते हैं।
3. **संगठन की रणनीति और दृष्टिकोण**: संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आपको उसकी दीर्घकालिक रणनीतियों और लक्ष्यों की समझ मिलती है।
सहयोग में मदद: यह जानकारी आपको अपने काम को संगठन के बड़े लक्ष्यों से जोड़ने में मदद करती है।
प्रदर्शन में सुधार: आप अपने प्रदर्शन और योगदान को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ढाल सकते हैं।
4. **चुनौती और अवसर की पहचान**: संगठन के इतिहास और वर्तमान स्थिति की जानकारी से आप उसकी चुनौतियों और संभावित अवसरों को पहचान सकते हैं।
**समस्याओं को हल करना**: संगठन की वर्तमान चुनौतियों को समझकर आप समाधान पेश कर सकते हैं, जिससे आप एक मूल्यवान कर्मचारी साबित होते हैं।
**अवसरों का लाभ**: नए अवसरों की पहचान कर आप संगठन में नवाचार और विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।
5. **करियर विकास**: संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आप अपने करियर को बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।
**विकास के अवसर** : संगठन की विकास दर और भविष्य की योजनाओं को समझकर आप अपनी करियर ग्रोथ की संभावना का आकलन कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण सुझाव

1. **आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें**: जब आप साक्षात्कार के लिए कमरे में प्रवेश करें, तो आत्मविश्वास से भरपूर रहें। आपके चलने का तरीका, हाथ मिलाने का तरीका और चेहरा देखकर साक्षात्कारकर्ता आपके आत्मविश्वास का अंदाजा लगा सकते हैं।
**मजबूत हैंडशेक**: साक्षात्कारकर्ता से मजबूती से और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएं।
**मुस्कुराहट**: हल्की मुस्कान आपके आत्मविश्वास को दर्शाती है और एक सकारात्मक माहौल बनाती है।
2. **उपयुक्त पहनावा**: आपका पहनावा आपके व्यक्तित्व का पहला प्रभाव छोड़ता है। इसलिए, नौकरी के प्रोफाइल और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उपयुक्त कपड़े पहनें।
**-व्यवसायिक पोशाक**: फॉर्मल कपड़े पहनें, जो आपके प्रोफेशनलिज्म को दिखाते हैं।
**स्वच्छता**: अपने कपड़े साफ और अच्छी तरह प्रेस किए हुए रखें।
3. **तैयारी महत्वपूर्ण है**: साक्षात्कार से पहले कंपनी और नौकरी के विवरण के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। इससे आप बेहतर तरीके से सवालों का जवाब दे पाएंगे और यह भी दिखेगा कि आप नौकरी को लेकर गंभीर हैं।
**कंपनी का अध्ययन**: कंपनी की वेबसाइट, उनके उत्पादों/ सेवाओं और उनके कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी लें।
**जॉब प्रोफाइल**: जॉब प्रोफाइल में बताई गई आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों को समझें।
4. **प्रभावशाली उत्तर दें**: प्रश्नों का उत्तर देते समय संयम और आत्मविश्वास बनाए रखें। अपने उत्तर स्पष्ट और सटीक रखें।
**व्यक्तिगत अनुभव**: अपने व्यक्तिगत अनुभवों और उपलब्धियों का उल्लेख करें, जो आपके कौशल को प्रदर्शित करते हैं।
**स्टार तकनीक**: स्थिति, कार्य, क्रिया और परिणाम का उपयोग करके उत्तर को संरचित करें।
5. **भाषा और हावभाव पर ध्यान दें**: आपकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का तरीका साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

**खबर संक्षेप**

## नीट परीक्षा को लेकर धारा 144 लागू

**झज्जर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आगामी 23 जून को आयोजित होने वाली नीट यानि राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2024 को लेकर जिला में परीक्षा केंद्रों के बाहर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो सौ मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार यह परीक्षा 23 जून को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर 20 मिनट आयोजित होगी। इस अवधि में परीक्षा केंद्रों की दो सो मीटर की परिधि में फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी।

## समाधान शिविर में 136 शिकायतों पर सुनवाई

**झज्जर :** शुक्रवार को डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में करीब 136 शिकायतों पर सुनवाई हुई व अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान बिजली निगम से संबंधित कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। सुलौधा गांव से आए बलबीर खेतों में गुजर रही नीचे लटकी बिजली की तारों की समस्या समाधान शिविर में रखी। जिनके समाधान के लिए बिजली निगम के एक्सईएन को निर्देश दिए गए। इसके अलावा मुंडाहेड़ा गांव निवासी रामेश्वर ने भी बिजली से संबंधित शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया।

## आवास योजना के अंतर्गत प्लाटों का ड्रा 24 जून को



**झज्जर ।** हरियाणा सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर आल के उद्देश्य को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना से नागरिकों का अपने घर का सपना साकार होगा, ऐसे में पात्र लाभार्थियों को 24 जून को निकाले जाने वाले ड्रा के माध्यम से प्लाट आवंटित किए जाएंगे। यह बात डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर की वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जिला के लगभग 851 आवेदकों ने प्लाटों के लिए आवेदन किया हुआ है। ड्रा को लेकर जरूरी प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं।

## एसडीएम ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**बेरी।** शुक्रवार को लघुसचिवालय परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम रविंद्र मलिक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याएं दूर करने में किसी स्तर पर देरी न हो। बिना किसी ठोस वजह के आवेदनों को लंबित न रखा जाए। हर संभव कोशिश करें कि नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। उन्होंने कहा कि हर रोज की रिपोर्ट मुख्यालय को जाती है और जहां प्रतिदिन आने वाली समस्याओं पर की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा होती है। उन्होंने बताया कि शिविर में बारह लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

### बच्चों को योग के महत्व से अवगत करवाया

# सेक्टर-2 में बच्चों को किया जागरूक



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारियों के साथ बच्चे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के सेवा केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवा केंद्र में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बच्चों को योग के महत्व से अवगत करवाया। योग करने से बच्चों में एकाग्रता की शक्ति बढ़ती है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान बीके अंजू बहन ने बच्चों को विभिन्न शारीरिक योगाभ्यास कराए और योग का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है और मन को शांत किया जा सकता है। बच्चों ने पर्यावरण सुरक्षा और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुंदर पेंटिंग्स बनाई। बीके लक्ष्मी दीदी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बीके विनीता ने बताया कि योग एक समग्र जीवनशैली है, जो व्यक्ति को संपूर्णता की ओर अग्रसर करती है।



बहादुरगढ़। देवीलाल पार्क में योगाभ्यास करते भाविप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## भाविप ने सेक्टर-6 और देवीलाल पार्क में किया योग

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने देवीलाल पार्क में योग दिवस मनाया। यहां योगाचार्य हरीश अरोड़ा और गुरमीत सिंह ने योग साधकों को अनेक आसन करवाए। शाखा अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और सचिव मुकेश बंसल ने योग की महत्ता समझाई। इस अवसर पर सतीश शर्मा, प्रवीण शर्मा, हरीश बजाज, डॉ. कुलदीप जून, दिपेश राठी, रमेश गुप्ता, रमणीक सिंघल व एमएस भाटी आदि मौजूद रहे। भाविप की विवेकानंद शाखा ने सेक्टर-6 में योग शिविर लगाया। योगाचार्य संदीप गोयल, डॉ. अंजू अग्रवाल, नरेश, योगाचार्य जयश्री और महावीर ने योगभ्यास करवाया। साधकों को टी-शर्ट वितरित की गई। संरक्षक पवन जैन, अध्यक्ष सुनील बंसल, सोना बंसल, सुविधा शर्मा, अशोक गोयल, गजेंद्र यादव, गजानंद गर्ग, पंकज जैन, सुनीता जैन, पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग, नरेश यादव, अशोक गोयल व अनिल शर्मा आदि ने योग किया।



बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध शपथ दिलाते एसीपी धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## नशे छोड़ने व योग अपनाने की शपथ दिलाई

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एसीपी धर्मवीर सिंह ने बच्चों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। नशा नहीं करने की शपथ दिलाते हुए योग करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं के बीच नशीली दवाइयों का दुरुपयोग बढ़ने पर चिंता जताई। शपथ दिलाई कि हम नशीली दावों के दुष्प्रयोग की रोकथाम के लिए सहयोग करेंगे।



बहादुरगढ़। गर्ल्स कॉलेज में योगाभ्यास करती छात्राएं व स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

## गर्ल्स कॉलेज में भी किया योग

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में योग क्लब व एनएसएस द्वारा कैंप लगाया गया। उन्होंने सभी से योग को केवल एक दिन नहीं बल्कि अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा प्रतिदिन योग अभ्यास करने की शपथ दिलाई। योग प्रशिक्षिका सुनील देवी ने छात्राओं को योगाभ्यास व प्राणायाम करवाए। इस मौके पर डॉ राजेश कुमार, डॉ शिल्पा, कुमारी मोना, डॉ. सीमा आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। योगाभ्यास करते माउंट व्यू स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर माउंट व्यू स्कूल में हुआ योग

**बहादुरगढ़।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को माउंट व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ योग किया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने सभी छात्र-छात्राओं को योग का महत्व बताया। शारीरिक प्रशिक्षिकों रविंद्र जून तथा तुषार वर्मा ने सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, अनुलोम विलोम, कपाल भाती व मयूर आसान आदि का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को योग का महत्व बताया और प्रोत्साहित किया।



बेरी। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास करते योगसाधक। फोटो : हरिभूमि

## तनाव दूर करने के लिए योगाभ्यास ही बेहतर विकल्प : मलिक

**बेरी।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नई अनाज मंडी परिसर में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रविंद्र मलिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज विकास के साथ-साथ मनुष्य में तनाव बढ़ता जा रहा है,तनाव को दूर करने में योग का अहम स्थान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में कितनी भी कठिनाईयां क्यों ना आएं,परमात्मा में ध्यान लगाकर हरेक कार्य की शुरूआत करने से सफलता अवश्य मिलेगी।



बहादुरगढ़। परनाला में योगाभ्यास करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## परनाला में भी किया योग

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला की दीनबंधु सर छोटूराम चौपाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सरपंच मुकेश राठी व अशोक प्रधान ने बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में नित्य योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को नियमित रूप से योग करते हुए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण दुनियाभर में भारतीय योग को अपनाया जा रहा है। इस मौके पर सचिन, नवीन, राहुल, पारुल, मुकेश, तेजपाल, कुलबीर, परविंदर, औमप्रकाश, जगबीर, रमेश, धर्म, जग्गू, सुभाष, देवेंद्र कोच आदि ने योग किय।



झज्जर। डीघल गांव में योगाभ्यास करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## योगशाला में हुई ग्राम विकास पर चर्चा

**झज्जर।** शुक्रवार को डीघल गांव स्थित अहलावत कम्यूनिटी सेंटर में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया। योग शिविर में आचार्य चंद्रदेव ने साधकों को योगाभ्यास करवाया। योगाभ्यास के दौरान आचार्य चंद्रदेव ने साधकों को बताया कि स्वस्थ जीवन का सार ही योग में छिपा हुआ है। प्रदीप अहलावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। शिविर के बाद कार्यक्रम स्थल पर ही ग्राम विकास पर परिचर्चा हुई।

## युवराज ने जिम में करवाया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** शहर के धर्म विहार स्थित छिल्लर क्लब के वर्ल्ड फिटनेस जिम में योग दिवस मनाया गया। नेशनल पावर लिफ्टर युवराज छिल्लर ने योग करवाया व उसका महत्व समझाया। योग करने के अनेक लाभ है शरीर स्वस्थ रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। हम सभी मिलकर एक स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं। योग प्राचीन काल से भारत की धरोहर रहा है और हमारे देश ने ही इसे दुनिया में फैलाया है।



बहादुरगढ़। जिम में योगाभ्यास करवाते युवराज छिल्लर। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## योगाभ्यास के साथ-साथ कराया मेडिटेशन विधि का ज्ञान

**झज्जर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने संस्था के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह, डीन डॉक्टर जेसी पासी, डॉक्टर एमएल जयपाल, डॉक्टर अमरजीत सिंह राठी, डॉक्टर बीआरबी जैन आदि अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। संस्था के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र ने कहा कि यह ज्ञान मेडिकल विद्यार्थियों को उनके कठिन मेडिकल कोर्स के दौरान मानसिक समस्याओं के निदान में सहायक है।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 के पार्क में योगाभ्यास करते डॉ पंकज जैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। एचएनजी में योगाभ्यास करते स्थानी निवासी। फोटो : हरिभूमि

## एचएनजी में भी किया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहर की एचएनजी कंपनी में कर्मचारियों एवं कॉलोनी निवासियों ने शिविर में योग किया। जीएम डीआईसी विजय लक्ष्मी योग का महत्व बताया। पार्षद संदीप दहिया ने भी प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। यूनिट हेड एसआर बंसल और जीएम एसपी शर्मा ने बताया कि अब विश्व भर में योग को खास महत्व दिया जा रहा है। प्रशिक्षक निशा शर्मा व स्वाति शर्मा ने भिन्न प्रकार के योगासन करवाएं।

## स्वास्थ्य के लिए प्रभावी साधना है योग

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर-6 के पार्क में योगाभ्यास करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से भारत की प्राचीन योग पद्धति का आज पूरे विश्व में डंका बज रहा है। जैन ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग एक प्रभावी साधना है। योग के माध्यम से समाज, देश व मानवता को स्वस्थ रखा जा सकता है। योग करने से रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है।




## नई बस्ती में चल रहा समर कैंप संपन्न

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नई बस्ती सेवा केंद्र में बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप संपन्न हो गया। इस अवसर पर बच्चों के मात-पिता भी उपस्थित रहे। बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता, सिंगिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बीके अमृता दीदी ने बताया कि इस समय बच्चे बहुत सेंसिटिव नेचर के होते हैं। हर एक बच्चे में अनेक प्रतिभाएं छिपी होती हैं। ब्रह्माकुमारीज के इस अनूठे प्रयास से बच्चे बहुमुखी प्रतिभावान बनते जा रहे हैं। त्रिवेणी स्कूल की डायरेक्टर संगीता वर्मा, फुटवियर पार्क एसोसिएशन के सचिव पवन जैन और शिक्षाविद मुकेश पांचाल ने बच्चों का प्रोत्साहन किया। अभिभावकों ने इस प्रयास को सराहा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रभु प्रसाद वितरित किया गया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# धोखाधड़ी कर युवती के खाते से ट्रांसफर कराए 67 हजार

### पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- ट्रूकॉलर पर आरोपी का नाम संदीप मंडल आ रहा था

क्षेत्र के गांव खुंगाई निवासी एक युवती से साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करते हुए 67 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस को दी शिकायत में खुंगाई निवासी प्रीती पुत्र बिजेंद्र ने बताया कि वीरवार को उसके मोबाइल पर एक अंजान व्यक्ति का फोन आया जिसने भूलवश 47 हजार रुपये उसके खाते में भेजने की बात करते हुए रुपये वापिस ट्रांसफर करने की प्रार्थना की। ट्रूकॉलर पर उसका नाम संदीप मंडल आ रहा था। जब उसने रुपये वापिस ट्रांसफर करने की हां की तो अंजान व्यक्ति ने उसके व्हाट्सअप पर एक स्कैनर की फोटो भेजी जिसमें खाताधारक का नाम सुनील कुमार मिश्रा आ रहा था। युवती के अनुसार पहले उसने एक रुपये ट्रांसफर किया और बाद 44 हजार 999 रुपये की ट्रांसफर कर दी। तभी उस व्यक्ति का फिर से फोन आया और उसने कहा कि उससे फिर से गलती हो गई और बीस हजार रुपये और आपके खाते में ट्रांसफर हो गए। उसकी बात पर विश्वास करते हुए मैने फिर से दो-दो हजार रुपये करके फिर से व्यक्ति द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ तब तक साइबर ठगों ने उसके 67 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सूचना**

हम, राजबाला पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार गोयल व नरेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री रामेश्वर दास गोयल निवासी मकान नंबर 446, गली नंबर-6, अग्रवाल कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारा पुत्र नितिन गोयल हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### उद्यमियों ने प्रदेश के वित्त मंत्री से जीएसटी दरों को घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग

# जीएसटी की ऊंची दरों को लेकर जेपी से मिले उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वित्त मंत्री जेपी दलाल से मुलाकात करते उद्योगपति।

- 12 प्रतिशत जीएसटी दर के कारण उद्योगों पर आर्थिक दबाव

स्थानीय उद्यमियों ने हरियाणा के वित्त मंत्री जेपी दलाल से भिवानी में मुलाकात की। बैठक में वर्तमान जीएसटी दरों को लेकर चर्चा की गई। उद्यमियों ने बताया कि इस समय 12 प्रतिशत जीएसटी लागू है। उन्होंने इन दरों को घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग की। ताकि उद्योगों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ ही फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में प्रधान सुभाष जग्गा, ज्ञान धमेजा, विनोद माखिजा और उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा शामिल रहे। उद्यमियों ने बताया कि 12 प्रतिशत जीएसटी दर के कारण उद्योगों पर गंभीर आर्थिक दबाव है। परिणामस्वरूप कई छोटे और मध्यम उद्योग संकट में आ गए हैं। उच्च जीएसटी दरों के कारण उपभोक्ताओं के लिए फुटवियर की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे उनकी क्रय शक्ति प्रभावित हुई है। इसके अलावा फुटवियर उद्योग की बिक्री में कमी आई है। प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने उद्यमियों के पक्ष को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे को आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में प्रमुखता से उठाएंगे।



बहादुरगढ़। केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात करते उद्योगपति। फोटो : हरिभूमि

**केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले उद्यमी (बहादुरगढ़)।** उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात की। इस मौके पर राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी उपस्थित रहे। फुटवियर पार्क एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता और बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा ने निर्मला सीतारमन से फुटवियर पर लगने वाले जीएसटी की दर 12 फीसद से घटाकर 5 प्रतिशत करने का अनुरोध किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और प्राथमिकता देते हुए सर्वोत्तम प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ज्ञान धमेजा, रविंदर उचानिया, राजेंद्र जिंदल भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भापड़ोदा में भी किया योग

**बहादुरगढ़।** नेहरू युवा केंद्र की तरफ से स्वयंसेवक नवीन राठी ने भापड़ोदा गांव में न्यू होप मिशन सोसायटी के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम में खुशी, हीना, आंशी और हन्नी ने सभी को योग अभ्यास करवाया। मास्टर ट्रेनर ललित राठी ने सभी को योग का महत्व बताया। गांव की सरपंच मीना कुमारी ने भी योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशीष राठी व सौरभ राठी भी मौजूद रहे।

### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने निरोग रहने के लिए आमजन से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को नई पहचान दिलाने का काम किया गया। एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि योग मनुष्य को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने एवं सभी प्रकार के शारीरिक कष्टों के निवारण का मूल मंत्र है। योग एवं व्यायाम करने से व्यक्ति निरोग होकर शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मजबूत बनता है।

## बस स्टैंड परिसर स्थित वर्कशॉप में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में हजारों लोगों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बस स्टैंड परिसर स्थित वर्कशॉप में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अध्यक्षता नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने की। योग स्वयं व समाज के लिए थीम पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बना।

हजारों की संख्या में लोग योग कार्यक्रम में शामिल हुए और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह के लाइव संबोधन भी हुआ। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने भारतीय परंपरा व संस्कृति के पहचान सदियों पुरानी योग को पूरी दुनिया के सामने लाने का महान कार्य किया है, जिसकी बदौलत आज समूचा विश्व हर साल योग दिवस मना रहा है। इस अवसर पर डीसी कैप्टन शक्ति सिंह, एडीसी सलोनी शर्मा, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, सतबीर सिंह एडवोकेट, डीपी कौशिक, हरिप्रकाश यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** बस स्टैंड परिसर स्थित वर्कशाप में योगाभ्यास करते हुए योगसाधक। फोटो: हरिभूमि

## पीएम मोदी ने दिलाई योग को अंतरराष्ट्रीय पहचानः विक्रम



**झज्जर।** योग भारतवर्ष की सनातन धरोहर है। प्राचीन काल में ऋषि मुनियों ने योग परंपरा से ही मानवता का कल्याण किया था। महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज ने योग की नई परिभाषा विश्व को दी थी। योग के जरिए ही लाखों लोग अपने जीवन को सफल बनाने में कामयाब हुए है। वहीं योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान पीएम नरेंद्र मोदी ने दिलाई। यह बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान ने बेरी विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योग के जरिए दुनिया को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं बल्कि नैतिक वह सांस्कृतिक समृद्धि का एहसास हुआ है। आज योग ने पश्चिम के देशों की धारणा बदल दी है। वे भौतिक विकास के अपने पुराने ढर्रे को छोड़कर योग व सनातन को अपना रहे हैं। अब पश्चिम के लोग योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना रहे हैं। हरियाणा में सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर योग दिवस मनाया गया है। जिससे दुनिया को योग का संदेश हरियाणा सरकार ने दिया है। इसके लिए सीएम नायब सिंह सैनी बधाई के पात्र है।



**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी के स्विमिंग पूल में योग करते तैराक। फोटो: हरिभूमि

## पानी के भीतर किया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तैराकों ने स्वीमिंग पूल में पानी के अंदर योग किया। विभिन्न मुद्राओं में अभ्यास कर लोगों को योग के जरिए स्वस्थ रहने का संदेश दिया। भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान अनिल खत्री ने योगाभ्यास करते हुए खिलाड़ियों को योग के लाभ समझाएं। इस मौके एचएसए के सदस्य सुरेश जून, कोच नरेंद्र, पदमपाल, सुबीर मलिक, शांतनु और बिनोय भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** छारा कॉलेज में योगाभ्यास करते छात्र व स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

### छारा कॉलेज में भी किया योग

**बहादुरगढ़।** गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में प्रिंसिपल मैडम डॉ तराना नेगी के दिशानिर्देशन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगा क्लब के इंचार्ज डॉ मनोज कुमार की देखरेख में विद्यार्थियों और प्रोफेसरों ने योग किया। डॉ मनोज कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र ने योग-प्राणायाम करवाया। डॉ अश्वनी कुमार द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मंजू मलिक, गीतांजलि, श्वेता, मोहित, प्रवीन सुहाग, प्रवीन मलिक, मनोज व नरेश आदि मौजूद रहे।



**झज्जर।** नेहरू कॉलेज में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य।

### नेहरू कॉलेज में मनाया गया योग दिवस

**झज्जर।** शहर के राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के स्टॉफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने विभिन्न योग क्रियाओं ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, भद्रासन, भुजंगासन का अभ्यास किया। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का अंग है। योग से अत्यधिक शारीरिक और मानसिक लाभ होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## वर्चुअल प्रतियोगिता में अव्वल रही हिसार की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल माध्यम से अंतर महाविद्यालय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता सुनीता रानी द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से योगाभ्यास करवाया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 98 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने स्वयं योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सलाह दी। प्रतियोगिता में हिसार की आरती प्रथम, बहादुरगढ़ की प्रीति पांडे व हिसार की प्रियंका द्वितीय तथा बिजनौर की स्नेहा चौधरी व दिल्ली के संयम पाराशर तृतीय स्थान पर रहे। आरती पांडे ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



**बहादुरगढ़।** वर्चुअल प्रतियोगिता में योगाभ्यास करती एक छात्रा। फोटो: हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** योग शिविर के दौरान छात्राओं को संबोधित करती डॉ. राजवंती शर्मा।

### स्टॉफ के साथ छात्राओं ने किया योग

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में छात्राओं ने टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ योग किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि योग मनुष्य को शारीरिक व मानसिक रूप से संतुलित बनाता है। प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने छात्राओं को योग के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर पूनम ने छात्राओं को योगिक क्रियाएं सिखाई। डॉ. मंजीत व जयश्री ने भी योग अपनाने का आह्वान किया।

## गार्डियन ऑफ एंजल्स ट्रस्ट को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पंजाबी बाग के योग शक्ति संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गऊमाता और जीवसेवा के लिए प्रयासरत संस्था गार्डियन ऑफ एंजल्स ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। बहादुरगढ़ के नया गांव में पिछले 5 सालों से बीमार, लाचार, पीड़ित गौवंश और अन्य जीवों के इलाज के लिए समर्पित ट्रस्ट के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया।




**बहादुरगढ़।** ट्रस्ट पदाधिकारियों को सम्मानित करते संस्थान के पदाधिकारी।

## रिलायंस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दादरी तोए स्थित रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप कंपनी के कार्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान देवरखाना से डॉक्टर यश कुमार डूडेजा व मुख्य सलाहकार डॉक्टर शिवकुमार खांडेकर ने योग दिवस के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में कर्नल रोमेल राज्याण, सोमवीर सुखाला, लोकेश कापसे, नीलम सिंह, मनीष राघव, वीरेंद्र, राजकुमार, संजय व अक्षय सहित अन्य भी मौजूद रहे।




**झज्जर।** रिलायंस कार्यालय परिसर में योग कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण एवं अधिकारी।



**बहादुरगढ़।** योगाभ्यास करते आरएसएस के स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने भी किया योग

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहर के गोल्डन वैली स्कूल में चल रहे प्राथमिक एव प्रारंभिक वर्ग में शिक्षार्थी स्वयंसेवकों ने भी शुक्रवार को योग दिवस मनाया। वर्ग के मुख्य शिक्षक विनोद के नेतृत्व में योगाचार्य हरिओम ने योग करवाया। साथ ही साथ योग से होने वाले लाभ का वर्णन किया। इस वर्ग में पूरे झज्जर जिले के चयनित स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे है। इस कार्यक्रम में 47 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह भास्कर समेत नगर के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।




**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में योगाभ्यास करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी।

## योग प्रोटोकॉल के साथ किया योगाभ्यास

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय अंतर राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

प्राचार्या डॉक्टर रजनी दुआ ने स्वयंसेवियों को योग की महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया।

## ऑनलाइन जुड़कर किया योगाभ्यास

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों ने ऑनलाइन जुड़ कर अपने घर में योगाभ्यास किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया कि योग केवल 21 जून को संपन्न करने वाला दिवस नहीं है बल्कि इसे वर्ष के 365 दिन अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।



**झज्जर।** ऑनलाइन माध्यम से योग कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।



**झज्जर।** जूम एप के जरिए योगा कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## जूम एप के माध्यम से लिया योगा कार्यक्रम में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

किड्ज शैशव और वैदिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जूम एप के माध्यम से विद्यार्थियों ने योगा कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल निदेशिका उषा गहलौत ने विशेष तौर पर शिरकत करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावको को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने जूम एप के माध्यम से जुड़कर अपने-अपने घरों में योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन व प्राणायाम किए।



**बहादुरगढ़।** गांव बराही में खिलाड़ियों व ग्रामवासियों के साथ योग करते रविंद्र छिल्लर।

### रविंद्र ने बराही में किया योग

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव बराही में खिलाड़ियों व ग्रामवासियों के साथ योगाभ्यास किया। साथ ही आमजन से योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। योग से मनुष्य का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आज पूरे विश्व में भारत की प्राचीन योग पद्धति का डंका बज रहा है। कई तरह की बीमारियों व तनाव से छुटकारा पाने में योग का विशेष महत्व है।



**झज्जर।** योगाभ्यास करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## योगासनों का अभ्यास कराया

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड में यूथ रेडक्रॉस और राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेडक्रॉस प्रभारी डॉक्टर अमरदीप, एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सवीन व डॉक्टर पवन कुमार ने विद्यार्थियों को पद्मासन, वज्रासन, गोमुखासन, हस्तपादासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन आदि की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया।

## जेंडर सेंसेटीवीटी विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के तौर पर डॉक्टर नीरज वोहरा और अनीता सिंह राणा ने अध्यापकों को जेंडर संसेटीवीटी विषय पर विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को समाहित करके चलते हुए आगे बढ़ने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस दौरान जहां अनीता सिंह द्वारा व्यक्ति के अधिकारों की जानकारी दी गई।

वहीं डॉक्टर नीरज द्वारा बाल सरंक्षण और अधिकारों को लेकर विस्तृत व्याख्यान दिया। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मुख्यातिथियों का आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स की प्राप्ति तभी संभव हो पाएगी जब हर बच्चे को उसका अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिले।



**झज्जर।** कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए अनीता सिंह।



**बहादुरगढ़।** साधकों के साथ योगाभ्यास करती नीना सतपाल राठी। फोटो: हरिभूमि

### नीना-सतपाल ने भी किया योग

**बहादुरगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नीना राठी और किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राठी ने अपने कार्यालय पर साधकों के साथ शुक्रवार को योग किया। साथ ही आमजन को भी योग के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। आज पीएम नरेंद्र मोदी के कारण योग के रूप में भारतीय संस्कृति की पहचान दुनियाभर में गूंजायमान हो रही है।